रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 156] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 9, 2015/ज्येष्ठ 19, 1937
No.156] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 9, 2015/JYAISTHA 19, 1937

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 जून, 2015

(अंतिम जांच परिणाम)

.....

विषय : चीन और हांगकांग मूल के अथवा वहां से निर्यातित "फ्लेक्स फेब्रिक्स" के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच

सं. 15/30/2013-डीजीएडी.—समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम कहा गया है) और समय-सयम पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात पाटनरोधी नियमावली कहा गया है) के नियम 16 को ध्यान में रखते हुए;

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. यत: चीन जन.गण. तथा हांगकांग से संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित मूल जांच की शुररुआत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 03 अक्तूबर, 2008 की अधिसूचना संख्या 14/8/2008-डीजीएडी के तहत की गई थी। चीन जन.गण. एवं हांगकांग (जिन्हें एतद्पश्चात संबद्ध देश कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "फ्लेक्स फेब्रिक्स" (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयातों पर अनंतिम पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करते हुए प्राधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच परिणाम दिनांक 17/02/2009 को जारी किया गया था। दिनांक 26 मार्च, 2009 की सीमाशुल्क अधिसूचना संख्या 30/2009-सीमाशुल्क के तहत अनंतिम पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किया गया था। प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से फ्लेक्स फेब्रिक्स के आयातों पर निर्णाय पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करते हुए दिनांक 01 अक्तूबर, 2009 की अधिसूचना संख्या

14/08/2008-डीजीएडी के तहत अंतिम जांच परिणाम अधिसूचित किए थे। संबद्ध वस्तु पर निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 की सीमाशुल्क अधिसूचना संख्या 142/2009-सीमाशुल्क के तहत किया गया था।

2. यत:, मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स (आदित्य बिरला नुवो लिमिटेड की एक इकाई) जिसे एतद्पश्चात याचिकाकर्ता कहा गया है) ने प्राधिकारी के समक्ष अधिनियम और नियमावली के अनुसार एक विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से आयातित संबद्ध वस्तु के पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना तथा पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना तथा पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना का आरोप लगाते हुए दायर की है। आवेदक ने संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा करने, उसकी निरंतरता बनाए रखने अथवा उसमें संवृद्धि करने का अनुरोध किया है।

3. और यत:, प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर चीन जन.गण. तथा हांगकांग के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता बनाए रखने की जरूरत और पाटन तथा घरेलू उद्योग को उसके परिणामस्वरूप होने वाली क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना का निर्धारण करने के लिए नियमावली के अनुसार संबद्ध जांच प्रारंभ करते हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 10 मार्च, 2014 की अधिसूचना संख्या 15/30/2013-डीजीएडी के तहत एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ख. प्रक्रिया

4. इस जांच में निम्नलिखित वर्णित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है :

(i) प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में समीक्षा पाटनरोधी जांच की शुरुआत करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 10 मार्च, 2014 की एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

(ii) इस जांच की शुरुआत के संबंध में नरियम 6(2) के अनुसार संबद्ध देशों के नई दिल्ली स्थित राजदूतावास को सूचना प्रेषित की गई।

(iii) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति के साथ एक पत्र सभी ज्ञात निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों/उद्योग एसोसिएशनों (जिनके विवरण घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और उन्हें पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप से अवगत कराने का अवसर प्रदान किया।

(iv) प्राधिकारी ने आवेदनपत्र के अगोपनीय पाठ की प्रति पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के संबद्ध देश में सभी ज्ञात निर्यातकों और संबद्ध देश के राजदूतावास को उपलब्ध कराई। इस आवेदनपत्र की एक प्रति, अनुरोध करने पर, अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई तथा उसे सार्वजनिक फाइल में भी रखा गया।

(v) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति चीन एवं हांगकांग के निम्नलिखित ज्ञात विनिर्माताओं/निर्यातकों (जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और उन्हें नियम 6(2) एवं 6(4) के अनुसार पत्र की तारीख से चालीस दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत करने का अवसर प्रदान किया :

(क) यांगक्सिन युआनडांग टेक्सटाइल कंपनी, चीन जन.गण.

(ख) छांग्सु टोन्घी ग्रुप कंपनी लिमिटेड

(ग) हनान हुआशेंग इंडस्ट्रियल एंड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड

(घ) मेंगयिन काटन टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(ङ) सुझोऊ झेन्लांग टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(च) हरबिन चाओलांग फ्लेक्स कंपनी लिमिटेड

(छ) वुजिन हुआन्यु टेक्सटाइल्स कंपनी लिमिटेड

(ज) जिआंग्सु फैन्जिआ फ्लेक्स टेक्सटाइल मिल कंपनी

(झ) एच के जिशुन इंटरनेशनल इंडस्ट्री लिमिटेड

(ञ) सुझोऊ नान्या ग्रुप

(ट) बिन्फेन्सुआंग फेब्रिक कंपनी लिमिटेड

(ठ) क्विक्विहर झेंग्शि आन टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(ड) हुआफेंग रामी टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(ढ) छांग्सु लिफेंग लिनेन एंड काटन वीविंग कंपनी लिमिटेड

(ण) हुनान गोल्डेनटेस कंपनी लिमिटेड

(त) वुजिआंग होन्गी टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(थ) झुचेंग डिलियुआन टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(द) युइक्ि◌कां रिलायबल इलेक्ट्रिक कंपनी लिमिटेड

(ध) शाओक्सिंग इन हैंड टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(न) शाओक्सिंग गुक्को इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड

(प) हैनिंग युटेक्स कंपनी लिमिटेड

(फ) क्विंग्डाओ युझोऊ निट एंड टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(ब) वुजिआंग माइशुंडा सिल्क टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड

(vi) किसी भी निर्यातक ने न तो निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया और न ही उन्होंने कोई अन्य प्रस्तुतिकरण किया।

(vii) प्राधिकारी ने इस संबद्ध वस्तु के भारत में निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं को (जिनके नाम एवं पते प्राधिकारी को आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति प्रेषित की और उन्हें सुझाव दिया कि वे इस पत्र के जारी होने की तारीख से चालीस दिनों के अंदर नियम 6(4) के अनुसार अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत करा दें :

(क) के. मोहन टेक्सटाइल्स, बंगलौर, कर्नाटक

(ख) प्रतीक अपैरन्स प्राइवेट लिमिटेड, कर्नाटक

(ग) अम्बाट्टुर क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड, तमिलनाडु

(घ) आदित्य बिरला नुवो लिमिटेड, कर्नाटक

(ङ) शाही एक्सपोर्टस प्राइवेट लिमिटेड, फरीदाबाद

(च) रिचा एंड कंपनी नई दिल्ली

(छ) लीला स्काटिश, चेन्नई, तमिलनाडु

(ज) कलरप्लस फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड, तमिलनाडु

(झ) मलबेरी सिल्क लिमिटेड, कर्नाटक

(ञ) इंडियन टिरैन क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, तमिलनाडु

(ट) ओरियंट क्लोदिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा

(ठ) मोहन क्लोदिंग कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड, हरियाणा

(ड) अनीश इंडिया एक्सपोर्ट हरियाणा

(ढ) गोकलदास इमेजेज, कर्नाटक

(ण) प्रसम एक्सपोर्टस, महाराष्ट्र

(त) रेमंड लिमिटेड (टेक्सटाइल डिवीजन) मुंबई

(थ) चौपड़ा एसोसिएट्स, मुंबई

(viii) किसी भी आयातक से कोई प्रश्नावली प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

(ix) वर्तमान समीक्षा के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) 01 अक्तूबर, 2012 से 30 सितम्बर, 2013 (12 माह) तक है। क्षति विश्लेषण के संबंध में प्रवृत्तियों की जांच में 01 अप्रैल, 2010 से जांच की अवधि की समाप्ति तक अर्थात वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 और जांच की अवधि को भी शामिल किया जाएगा।

(x) उन निर्यातकों, उत्पादकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जिन्होंने न तो प्राधिकारी को प्रत्युत्तर दिया और न ही इस जांच से संगत कोई सूचना प्रदान की, उन्हें असहयोगकर्ता हितबद्ध पक्षकार के रूप में माना गया।

(xi) प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य का अगोपनीय पाठ नियम 6(7) के अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए एक खुली फाइल में रखा।

(xii) प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की भारत में उत्पादन लागत और गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करने के लिए नियम के अनुबंध-3 में विनिर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की यथासंभव सीमा तक जांच की है ताकि यह सुनिश्चय किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से न्यूनतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

(xiii) प्राधिकारी ने 15 अक्तूबर, 2014 को सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया। इस सार्वजनिक सुनवाई में केवल याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग द्वारा ही प्रतिभागिता की गई थीं, जिनसे यह अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से अभिव्यक्त किए गए अपने विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत करे।

(xiv) जांच की कार्रवाई के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों की जांच की गई और उनका इस जांच में समाधान कर दिया गया।

(xv) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकीय निदेशालय से अनुरोध किया गया है कि वह भारत में, जांच की अवधि सहित, पिछले तीन वर्षों में हुए संबद्ध वस्तु के आयातों का विवरण प्रदान कराए और उक्त सूचना डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त की गई तथा इस जांच के लिए उसी को अपनाया गया।

(xvi) घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों एवं सूचना का आवश्यक समझी गई सीमा तक और स्थल सत्यापन किया गया।

(xvii) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की गोपनीयता की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने, जहां कहीं अधिपत्रित हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया और ऐसी सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया और उसका प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं किया गया है। जहां कहीं संभव हुआ वहां, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान कराने वाले

हितबद्ध पक्षकारों को निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ भी प्रस्तुत करें।

(xviii) जहां कहीं किसी हितबद्ध पक्षकार ने जांच की कार्रवाई के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुंच की मनाही की है अथवा अन्यथा आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है अथवा इस जांच को भारी अवरोध उत्पन्न किया है, वहां प्राधिकारी ने उक्त जांच "उपलब्ध तथ्यों" के आधार पर की है तथा उन पक्षकारों को असहयोगकर्ता पक्षकार के रूप में माना गया है।

(xix) इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में *** हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का प्रतिनिधित्व करता है और प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत उसे गोपनीय ही माना है।

(xx) जांच की अवधि के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 यूएस डालर = 56.90/-रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद का दायरा एवं समान वस्तु
घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

5. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए हैं :

(i) विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. एवं हांगकांग के मूल का अथवा वहां से निर्यातित 50 प्रतिशत से अधिक फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फ्लेक्स फेब्रिक है। इसे सामान्यत: सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 53 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

(ii) फ्लेक्स और लिनेन समानार्थी हैं और शब्द फ्लेक्स को लिनेन के रूप में भी जाना जाता है और इसका प्रयोग फ्लेक्स फाइबर से बने यार्न और फेब्रिक का उत्पादन करने के लिए किया जा सकता है। इसका अक्सर प्रयोग जेनरिक टर्म के रूप में बोनेन बेड, बाथटब, टेबल एवं किचेन टेक्सटाइल्स के एक श्रेणी का वर्णन करने के लिए किया जाता है क्योंकि परम्परागत रूप से फ्लेक्स का प्रयोग तौलिए और चादरों के लिए व्यापक रूप से किया जाता था। पिछले अंतिम जांच परिणाम के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वोवेन फेब्रिक (जिनमें फ्लेक्स अंतर्वस्तु 50 प्रतिशत से अधिक थी) और संबद्ध देशों से आयातित वस्तु को नियमावली के आशय के अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु माना गया है। चूंकि घरेलू उद्योग 50 प्रतिशत तक के फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक का पर्याप्त उत्पादन नहीं कर रहा है इसलिए प्राधिकारी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि 50 प्रतिशत से अधिक फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक विचाराधीन उत्पाद है।

(iii) मौजूदा जांच इस समय लगे शुल्कों की निर्णायक समीक्षा जांच होने के कारण विचाराधीन उत्पाद का दायरा वही रहेगा जो मूल जांच में था।

(iv) विचाराधीन उत्पाद अत्यधिक अवशोषक, ताप नियामक, एलर्जी रोधी, एंटी स्टैटिक, बैक्टीरिया रोधी और यूवी – संरक्षक फ्रेब्रिक है। यह सभी मौसम में आरामदायक है और पहनने में अच्छा लगता है। यह अपनी थर्मो-नियामक गुण धर्मों के कारण सर्दियों में इन्सुलेटिंग और गर्मियों में सांस लेने योग्य है।

(v) इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन उत्तरी यूरोपीय देशों खासकर फ्रांस और बेल्जियम में उगने वाले फ्लेक्स नामक सेल्युलेजिक पादप से किया जाता है। इन फाइबरों को, तत्पश्चात नम स्पिनिंग प्रक्रिया के जरिए लिनेन यार्न में सम्परिवर्तित किया जाता है जो अन्य किसी स्पिनिंग प्रक्रिया की तुलना में एक अप्रतिम प्रक्रिया है। इस लिनेन यार्न का प्रयोग ग्रे या रंगीन, बुनाई के लिए यथापेक्षित, में किया जाता है। वुनाई के बाद इसे प्रसंस्कृत किया जाता है और फिर बाजार में इसकी बिक्री की जाती है।

उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया प्रस्तुतिकरण

6. किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु के संबंध में न तो कोई प्रत्युत्तर दिया है और न ही कोई मुद्दा उठाया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

7. इस जांच में विचाराधीन उत्पाद, मूल जांच में विचाराधीन उत्पाद की तरह, फ्लेक्स फेब्रिक्स है। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की गई मूल जांच के अनुसार इस उत्पाद को निम्नवत परिभाषित किया गया है :

"चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित विचाराधीन उत्पाद फ्लेक्स फेब्रिक है जिसे सामान्यत: सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 53 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। फ्लेक्स और लिनेन समानार्थी हैं और शब्द फ्लेक्स को लिनेन के रूप में भी जाना जाता है और इसका प्रयोग फ्लेक्स फाइबर से बने यार्न और फेब्रिक का उत्पादन करने के लिए किया जा सकता है। इसका अक्सर प्रयोग जेनरिक टर्म के रूप में बोनेन बेड, बाथटब, टेबल एवं किचेन टेक्सटाइल्स के एक श्रेणी का वर्णन करने के लिए किया जाता है क्योंकि परम्परागत रूप से फ्लेक्स का प्रयोग तौलिए और चादरों के लिए व्यापक रूप से किया जाता था। इस उत्पाद को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 53 के उपशीर्षक संख्या 53.09 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि, यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह वर्तमान जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वोवेन फेब्रिक (जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक फ्लेक्स अंतर्वस्तु हो) और संबद्ध देशों से आयातित फ्लेक्स फेब्रिक को समान वस्तु माना गया है और नियमावली के आशय के अंतर्गत वह विचाराधीन उत्पाद है।

प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ग्रेड-वार उत्पादन विवरण के अनुसार घरेलू उद्योग ने 30-50 प्रतिशत फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक का उत्पादन किया है। यह कुल उत्पादन का 0.62 प्रतिशत ही है। चूंकि घरेलू उद्योग 50 प्रतिशत तक के फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक का पर्याप्त मात्रा में उत्पादन नहीं कर रहा है इसलिए प्राधिकारी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि वही फेब्रिक विचाराधीन उत्पाद होगा जिसकी फ्लेक्स अंतर्वस्तु 50 प्रतिशत से अधिक है।

8. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और इसके अतिरिक्त, चूंकि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस विचाराधीन उत्पाद या समान वस्तु के दायरे के संबंध में कोई तर्क प्रस्तुत नहीं किया है इसलिए विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु का दायरा वही रहेगा जो मूल जांच में था।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

9. घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए हैं :

(i) यह याचिका मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स, आदित्य बिरला नुवो लिमिटेड की एक इकाई (याचिकाकर्ता कंपनी) द्वारा दायर की गई है जिसने वर्तमान याचिका तैयार करने के लिए सभी आवश्यक सूचना प्रदान करा दी है।

(ii) याचिकाकर्ता ने जांच की अवधि के दौरान इस विचाराधीन उत्पाद का चीन जन.गण. से आयात किया है। तथापि, यह आयात नगण्य मात्राओं में है।

(iii) याचिकाकर्ता का संबद्ध देशों में इस विचाराधीन उत्पाद के किसी भी उत्पादक/निर्यातक से कोई संबंध नहीं है। तथापि, याचिकाकर्ता का संबंध इस विचाराधीन उत्पाद के एक आयातक से है जिसने नगण्य मात्रा में आयात किया है।

(iv) विधि की सुस्थापित स्थिति के अनुसार प्राधिकारी, स्वविवेक से किसी ऐसे उत्पादक को घरेलू उद्योग के दायरे के अंतर्गत शामिल कर सकता है जो संबद्ध वस्तु के किसी उत्पादक/निर्यातक से संबद्ध है अथवा जिसने संबद्ध वस्तु का आयात किया है। वर्तमान मामले में, मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स और इसकी ग्रुप कंपनियों मैसर्स मदुराफैशन एंड लाइफ स्टायल और मदुरा गार्मेंट एक्सपोर्ट ने चीन से इस संबद्ध वस्तु का अल्प मात्रा में आयात किया है। भारत में इस विचाराधीन उत्पाद के आयातों के साथ इन कंपनियों द्वारा किए गए आयातों की मात्रा से तुलना करने पर मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स का उत्पादन, भारतीय उत्पादन तथा भारत में इस विचाराधीन उत्पाद की खपत यह दर्शाती है कि इन पैरामीटरों की तुलना में इन कंपनियों द्वारा किए गए आयात की मात्रा बहुत कम है। इसके अतिरिक्त, मदुरा गारमेंट एक्सपोर्टस द्वारा किए गए आयात शुल्क छूट स्कीम के अंतर्गत किए गए है। याचिकाकर्ता ने इस उत्पाद का आयात इस उत्पाद एवं इसकी कीमतों की जांच करने के लिए किया था।

(v) कंपनी ने एसएएस सेनिको, फ्रांस को आर्डर इसके उत्पाद एवं इसमें चीन की सामग्री की जांच करने के लिए दिया था। इसलिए यह अनुरोध किया जाता है कि प्राधिकारी मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स को एक पात्र घरेलू उद्योग के रूप में मान ले।

(vi) याचिकाकर्ता का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का एक बड़ा अनुपात बनता है। इस विचाराधीन उत्पाद के कई उत्पादक इस याचिका का समर्थन कर रहे हैं। इसलिए, याचिकाकर्ता वर्तमान याचिका दायर करने और याचिकाकर्ता "घरेलू उद्योग" बनने के लिए नियमों के अंतर्गत अपेक्षित सभी आधार को पूरा करता है।

उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

10. घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार के संबंध में किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने न तो कोई प्रत्युत्तर दिया है और न ही कोई अन्य मुद्दा उठाया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

11. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधान है :

"(ख) "घरेलू उद्योग" का आशय समान वस्तु के विनिर्माण या उससे संबंधित किसी अन्य क्रियाकलाप में समग्र रूप से लगे उन सभी घरेलू उत्पादकों अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उस वस्तु के समस्त घरेलू उत्पादन का एक बड़ा अनुपात बनता हो, सिवाय इसके कि यदि ये उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों अथवा आयातकों से संबंधित हो पाटित वस्तु के निर्यातकों अथवा आयातकों से संबंधित हों अथवा उसके स्वयं आयातक हो तो ऐसे मामलों में वाक्यांश "घरेलू उद्योग" को केवल देश उत्पादकों के रूप में माना जाएगा।

12. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह आवेदन आदित्य बिरला नुवो लिमिटेड की एक इकाई मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स द्वारा दायर किया गया है। याचिकाकर्ता ने यह सूचित किया है कि भारत में इस विचाराधीन उत्पाद के कई अन्य उत्पादक भी हैं अर्थात् एम. महेन्द्र कुमार एंड कंपनी, डानियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुनिराज सिंथेटिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, निर्वाण सिल्क मिल्स प्राइवेट लिमिटेड, बालू फेब्रिक्स दर्शन क्रीएशन प्राइवेट लिमिटेड, महिन्द्रा टेक्सटाइल, मास्टर लिनेन्स इक. गोवर्धन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, वी.पी. टेक्स प्राइवेट लिमिटेड, वसंती फेब्रिक्स, वीएसएम वीव्स इंडिया लिमिटेड और वीटीएम लिमिटेड। इन सभी ने इस याचिका का समर्थन किया है। मैसर्स सचदेव फेब्रिक वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, जिन्हें पहले अन्य भारतीय उत्पादकों की सूचना में माना गया था, ने यह सूचित किया है कि उन्होंने जांच की अवधि के दौरान 50 प्रतिशत या उससे अधिक के फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक का उत्पादन नहीं किया है। इसलिए उन्हें इस अवधि के दौरान कुल फ्लेक्स उत्पादन एवं बिक्री (दोनों अनुमानित) से अपवर्जित कर दिया गया था। अब इस जांच की अवधि में याचिकाकर्ता का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का लगभग 37 प्रतिशत उत्पादन है और यह एक बड़ा अनुपात बनता है क्योंकि अन्य उत्पादक छितरे हुए एवं विखंडित उत्पादक हैं। मूल जांच में भी मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स को उत्पादन में लगभग 39.22 प्रतिशत हिस्सा धारित होने के कारण घरेलू उद्योग के रूप में माना गया था। याचिकाकर्ता ने यह उल्लेख किया है कि मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स ने अपनी ग्रुप कंपनियों मैसर्स मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल और मदुरा गारमेंट्स एक्सपोर्टस के साथ मिलकर चीन से अल्प मात्रा में आयात किया था। मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स द्वारा इसकी ग्रुप कंपनियों मैसर्स मदुरा फैशन एंड लाइफ स्टाइल और मदुरा गारमेंट्स एक्सपोर्टस के साथ मिलकर किए गए आयात याचिकाकर्ता के कुल उत्पादन का लगभग 3.31 प्रतिशत, कुल भारतीय उत्पादन का 1 प्रतिशत, संबद्ध देशों से कुल आयातों का 4.93 प्रतिशत और जांच की अवधि के दौरान कुल भारतीय मांग का 0.85 प्रतिशत बनता है। इसके अतिरिक्त, यह सभी आयात भारत सरकार की शुल्क छूट स्कीम के अंतर्गत किए गए थे। आयातों की अल्प मात्रा पर विचार करते हुए याचिकाकर्ता को नियमावली के आशय के अंतर्गत पात्र घरेलू उद्योग के रूप में माना गया है। नियमों के अंतर्गत याचिकाकर्ता का घरेलू उद्योग बनने पर याचिकाकर्ता की पात्रता के विरुद्ध किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने कोई भी तर्क नहीं दिया है। भारतीय उत्पाद का संशोधित विवरण निम्नलिखित है :

	विवरण	उत्पादन (लाख मीटर में)			
		2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
1	याचिकाकर्ता (क) : जयश्री टेक्सटाइल्स	66	61	67	74
2	समर्थनकर्ता (ख)	54	52	67	75
3	समर्थनकर्ता सहित याचिकाकर्ता (क+ख)	120	113	134	149
4	अन्य भारतीय उत्पादक (ग)	36	39	46	49
	कुल भारतीय उत्पादन (क+ख+ग)	156	152	180	198

	विवरण	कुल भारतीय उत्पादन में हिस्सेदारी			
1	याचिकाकर्ता (क) : जयश्री टेक्सटाइल्स	42%	40%	38%	37%
2	समर्थनकर्ता (ख)	35%	34%	37%	38%
3	समर्थनकर्ता सहित याचिकाकर्ता (क+ख)	77%	74%	75%	75%
4	अन्य भारतीय उत्पादक (ग)	23%	26%	25%	25%
	कुल भारतीय उत्पादन (क+ख+ग)	100%	100%	100%	100%

13. प्राधिकारी ने रिकार्ड में उपलब्ध सूचना की जांच करने के पश्चात् यह निश्चय किया है कि याचिकाकर्ता अपनी नियम 2(ख) के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनता है और यह याचिका नियमावली के नियम (5) के आधार पर मानदंड को पूरा करती है।

ड. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत, पाटन मार्जिन और बाजार अर्थव्यवस्था दर्ज की क्रियापद्धति एवं निर्धारण

बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति

14. प्राधिकारी ने चीन के उत्पादकों/निर्यातकों को जांच शुरूआत नोटिस का प्रत्युत्तर देने तथा उनकी बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति का निर्धारण करने से संगत सूचना प्रदान करने का सुझाव दिया था। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 8(3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की प्रकल्पना का खंडन करने के लिए सभी ज्ञात निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था दर्जा प्रश्नावली प्रेषित की। प्राधिकारी ने चीन की सरकार से भी अनुरोध किया कि वह अपने देश के उत्पादकों/निर्यातकों को सूचना प्रदान करने का सुझाव दें। यथासंशोधित पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैराग्राफ 8 के अनुसार यदि चीन जन.गण. के निर्यातक पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में निर्दिष्ट मानदंडों के आधार पर सूचना एवं पर्याप्त साक्ष्य प्रदान करते हैं और इसके विपरीत सिद्ध कर देते हैं तो गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की प्रकल्पना का खंडन किया जा सकता है। चीन में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों/निर्यातकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह बाजार अर्थव्यवस्था दर्जा प्रश्नावली के प्रत्युत्तर में पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में यथा उल्लिखित आवश्यक सूचना/पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करें जिससे निर्दिष्ट प्राधिकारी अधोलिखित प्रतिमानों पर विचार कर सके कि क्या :

(i) चीन जन.गण. में कच्चे माल, प्रौद्योगिकी और श्रम की लागत, आउटपुट, बिक्रियों और निवेश को शामिल करते हुए कीमत लागत और इनपुट के संबंध में संबंधित फर्मों का निर्णय ऐसे बाजार संकेतकों के प्रत्युत्तर में किए गए हैं जो मांग एवं आपूर्ति को प्रतिबिम्बित करते है और इस संबंध में निर्णय राज्य के हस्तक्षेप के बिना किया गया है और क्या प्रमुख इनपुटों की लागत बाजारों मूल्यों का पर्याप्त रूप से प्रदर्शित करती है;

(ii) इन फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर-बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली, खासकर परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास, बट्टे खाते में डाले गए अन्य, विनिमय व्यापार तथा ऋणों की क्षतिपूर्ति द्वारा भुगतान से की गई भारी विकृतियों के अध्यधीन होती है।

(iii) यह फर्मे दिवालियापन और संपत्तियों विधियों के अध्यधीन होती हैं जो इन फर्मों के प्रचालन के लिए विधिक निश्चितता एवं स्थिरता की गारंटी प्रदान करती है; और

(iv) विनिमय दर परिवर्तन बाजार दरों पर किया जाता है।

प्राधिकारी द्वारा भेजी गई एमईटी प्रश्नावली का किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने प्रत्युत्तर नहीं दिया है।

च. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

15. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए हैं :

(i) चीन जन.गण. और हांगकांग के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली का प्रत्युत्तर नहीं दिया है।

(ii) चीन के उत्पादकों की लागत और कीमत पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता है।

(iii) यह सिद्ध करने की जिम्मेदारी है कि वे बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति के अंतर्गत प्रचालन कर रहे हैं।

(iv) बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि प्रतिवादी कंपनी और इसका ग्रुप समग्र रूप से दावा नहीं करते हैं। यदि इस ग्रुप का भाग बनने वाली एक या उससे अधिक कंपनियों और इसके उत्पादन तथा इसकी बिक्री करने में अंतर्ग्रस्त कंपनियों द्वारा प्रत्युत्तर नहीं दिया जाता है तो बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति को नामंजूर कर दिया जाना चाहिए।

(v) ऐसी स्थिति में जहां मौजूदा शेयरधारकों ने अपनी उत्पादन सुविधाएं स्वयं स्थापित नहीं की हैं, परंतु उस सुविधा को किसी अन्य पक्षकार से अवाप्त किया है तो बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि इस परिवर्तन के प्रक्रम को दस्तावेजी साक्ष्यों द्वारा पूरी तरह से सिद्ध नहीं कर दिया जाता है।

(vi) चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तृतीय देश में कीमत अथवा संरचित मूल्य के इसलिए आधार पर नहीं किया जा सकता है क्योंकि संगत सूचना याचिकाकर्ता को उपलब्ध नहीं है। भारत को अन्य देशों से निर्यात कीमत को इस कारण से नहीं अपनाया जा सकता है कि अन्य देशों से आयात कीमतें संबद्ध देशों से आयातों के कारण प्रभावित हो सकती हैं। इस आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए प्राधिकारी को ऐसे तृतीय देश में सहयोगकर्ता उत्पादकों द्वारा की गई सभी घरेलू बिक्रियों तथा इसकी उत्पादन लागत एवं इससे संबद्ध अन्य सभी सूचनपा एवं साक्ष्यों (व्यापार के सामान्य अनुक्रम में सभी सूचना सहित) से संबंधित सत्यापन योग्य विस्तृत एवं संपूर्ण सूचना प्राप्त करना जरूरी है। याचिकाकर्ता किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तृतीय देश से ऐसी जानकारी अवाप्त करने में अक्षम रहे हैं। घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में विधिवत समायोजित उत्पादन लागत के आधार पर किया है।

(vii) हांगकांग की घरेलू बाजार में संबंधित उत्पाद की कीमत के साक्ष्य प्राप्त करने के लिए और प्रकाशित स्रोतों से कीमत के साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास किए गए। तथापि, घरेलू उद्योग सार्वजनिक अधिकार क्षेत्र में किसी संगत सूचना के अभाव के कारण हांगकांग की घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों के कुटेशनों या कीमत सूची जैसी कोई सूचना/साक्ष्य एकत्र नहीं कर सका। इसी को ध्यान में रखते हुए हांगकांग के सभी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य की संरचना की गई है। घरेलू उद्योग ने हांगकांग के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर किया है।

(viii) प्रत्येक संबद्ध देश के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण आयातों की प्रति मीटर कीमत के अनुसार किया गया है। निर्यात कीमत का समायोजन समुद्री भाड़ा, सामुद्रिक बीमा, वैट घाटा (चीन-1 प्रतिशत, हांगकांग – शून्य), पत्तन व्यय, बैंक प्रभार और अंत:भूमि भाड़ा व्यय के रूप में किए गए व्यय के लिए किया गया है।

(ix) शुल्क का अधिरोपा करने के पश्चात् भी पाटन की निरंतरता बनी रही और यह पाटन मार्जिन पर्याप्त है तथा यह प्रत्येक संबद्ध देश के लिए न्यूनतम से अधिक है।

उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

16. संबद्ध वस्तु के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत या पाटन मार्जिन के संबंध में न तो कोई प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया, न ही कोई विधिक प्रस्तुतिकरण किया अथवा न ही अन्यथा कोई आवश्यक सूचना प्रदान की।

बाजार अर्थव्यवस्था के दावे की जांच और चीन जन.गण. में सामान्य मूल्य का निर्धारण

17. 9क (1) (ग) किसी वस्तु के संबंध में "सामान्य मूल्य" का आशय–

(i) *उपनियम (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश अथवा भू-भाग में खपत के उद्देश्य से व्यापार के सामान्य अनुक्रम में समान वस्तु के लिए तुलनीय कीमत है; अथवा*

(ii) निर्यातक देश या भूभाग की घरेलू बाजार में व्यापार के सामान्य अनुक्रम में जब उस सामान समान वस्तु की बिक्री न होती हो अथवा निर्यातक देश या भू-भाग की घरेलू बाजार में विशिष्ट बाजार परिस्थितियों अथवा बिक्री की न्यून मात्रा के कारण, ऐसी बिक्रियां समुचित तुलना करने की अनुमति न देती हों तो उस वस्तु का सामान्य मूल्य या तो-

(क) उप-धारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथा-निर्धारित उस समान वस्तु की वह तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत होगी जिस पर उसका निर्यात किसी निर्यातकर्ता देश या (भू-भाग से) किसी उपयुक्त तृतीय देश को किया जाता है; अथवा

(ख) उप-धारा (6) के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री या सामान्य लागत तथा लाभ के लिए किए गए अन्य संवर्धनों सहित उद्गम के देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत होती है;

बशर्ते कि उद्गम के देश के अलावा किसी अन्य देश से उक्त समान वस्तु का आयात होने और जहां उक्त वस्तु का निर्यात के देश के जरिए केवल यानान्तरण किया गया हो अथवा उक्त वस्तु का निर्यात के देश में उत्पादन न किया जाता हो अथवा निर्यात के देश में उक्त वस्तु की कोई तुलनीय कीमत न हो तो सामान्य मूल्य निर्धारण उद्गम के देश में इसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

18. इस जांच शुरूआत के स्तर पर प्राधिकारी ने चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में प्रकल्पना करते हुए कार्रवाई की। जांच शुरूआत करने पर, प्राधिकारी चीन जन.गण. के उत्पादकों/निर्यातकों को अपनी बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति का निर्धारण करने से संबंधित सूचना प्रदान करने और जांच शुरूआत नोटिस का प्रत्युत्तर देने का सुझाव दिया। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 8(3) में निर्धारित प्रतिमानों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की प्रकल्पना का खंडन करने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को एमईटी प्रश्नावली की प्रतियां प्रेषित थीं। प्राधिकारी ने चीन की सरकार से भी अनुरोध किया कि वह अपने देश के उत्पादकों/निर्यातकों को संगत जानकारी प्रदान करने का सुझाव दें। तथापि, चीन के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने प्रत्युत्तर दायर नहीं किया। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विगत तीन वर्षों में भारत तथा डब्ल्यूटीओ के अन्य सदस्यों द्वारा की गई पाटनरोधी जांचों में चीन को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में माना गया है इसी को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में संबद्ध देश के उत्पादकों/निर्यातकों को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में माना है।

19. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विगत तीन वर्षों के दौरान भारत तथा डब्ल्यूटीओ के अन्य सदस्यों द्वारा की गई पाटनरोधी जांच में चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में माना है। इसलिए, पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक 1 के पैरा 8(2) के अनुसार चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में, उपर्युक्त नियमावली में उल्लिखित शर्तों के अनुसार निर्यातक देश अथवा अलग-अलग निर्यातकों द्वारा इसका खंडन किए जाने की प्रकल्पना के अध्यधीन माना गया है।

20. यथासंशोधित पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक-1 के पैराग्राफ 8 के अनुसार यदि चीन जन.गण. के निर्यातक पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में विनिर्दिष्ट प्रतिमानों के आधार पर सूचना अथवा पर्याप्त साक्ष्य प्रदान करते हैं और इसके विपरीत सिद्ध करते हैं तो गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की प्रकल्पना का खंडन किया जा सकता है। चीन जनवादी गणराज्य में

संबद्ध वस्तु के सहयोगकर्ता निर्यातकों/उत्पादकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे बाजार अर्थव्यवस्था उपचार प्रश्नावली के प्रत्युत्तर में पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में यथा उल्लिखित आवश्यक सूचना/पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करें जिससे कि निर्दिष्ट प्राधिकारी निम्नलिखित मानदंडों पर विचार कर सकें कि क्या :

(i) चीन जन.गण. में कच्चे माल, प्रौद्योगिकी और श्रम की लागत, आउटपुट बिक्रियों और निवेश सहित, कीमतों, लागतों और अंतर्निविष्टियों के संबंध में संबंधित फर्मों का निर्णय मांग एवं आपूर्ति को प्रदर्शित करने वाले बाजार संकेतकों के प्रत्युत्तर में, इस संबंध में राज्य के पर्याप्त हस्तक्षेप के बिना किए जाते हैं और क्या प्रमुख अंतर्निविष्टियों की लागत पर्याप्त बाजार मूल्यों को प्रतिबिम्बित करती है।

(ii) इन फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर-बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली द्वारा क्रियान्वित की गई भारी विकृतियों, खासकर परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते में डाले गए, विनिमय व्यापार तथा ऋणों की क्षतिपूर्ति के जरिए भुगतान के संबंध में की गई विकृतियों के अध्यधीन है।

(iii) यह फर्में दिवालियापन और संपदा विधियों के अध्यधीन होती हैं जो इन फर्मों के प्रचालन के लिए विधिक निश्चितता और स्थिरता की गारंटी प्रदान करती है।

(iv) विनिमय दर संपरिवर्तन बाजार दरों पर किया जाता है।

21. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में चीन के किसी भी निर्यातक ने कोई भी प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है। चूंकि घरेलू वास्तविक बिक्री कीमत, तृतीय देश को निर्यातों से संबंधित सूचना अथवा चीन जन.गण. में उत्पादन लागत तथा प्रश्नावली के अनुरूप अन्य सूचना के संबंध में कोई वास्तविक सूचना उस देश के किसी भी उत्पादक/निर्यातक द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई है। इसलिए प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर भरोसा किया है।

22. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ सामान्य मूल्य का निर्धारण अनुलग्नक-1 के पैरा 7 को ध्यान में रखकर किया है। चीन जन.गण. से भारत को आयात किए गए संबद्ध उत्पादों के सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराई गई सूचना के अनुसार घरेलू उद्योग के लिए अनुमत स्तर पर संपरिवर्तन लागत, ब्याज, एसजीए, के अनुसार की गई है, ब्याज का अपवर्जन करते हुए तर्कसंगत लाभ के लिए बिक्री लागत के 5 प्रतिशत की अनुमति दी गई है।

हांगकांग के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

23. चूंकि हांगकांग के किसी भी उत्पादक और निर्यातक ने प्रश्नावली का प्रत्युत्तर विहित स्वरूप और ढंग से नहीं दिया है और न ही संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है, इसलिए प्राधिकारी उस देश में सामान्य मूल्य की निर्धारण, घरेलू उद्योग की याचिका में अंतर्निहित सूचना सहित सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर करने को बाध्य है। तदनुसार, प्राधिकारी ने हांगकांग के लिए सामान्य मूल्य की संरचना सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर उत्पादन लागत के आकलनों के आधार पर की है। हांगकांग के लिए इस तरह निर्धारित सामान्य मूल्य अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है। हांगकांग से भारत में आयातित संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य की संरचना घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराई गई सूचना के अनुसार प्रमुख कच्चे माल की खपत पर विचार करते हुए की गई है। अन्य सभी कच्चे माल तथा घरेलू उद्योग की उपयोगिता लागत को संगत अवधि के दौरान संपरिवर्तन लागत के सर्वोत्तम उपलब्ध आकलनों और सर्वोत्तम खपत कारकों पर विचार करते हुए अपनाया गया है। इस तरह निर्धारित उत्पादन लागत में बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक लागत तथा तर्कसंगत लाभ मार्जिन को जोड़ा गया है जिससे कि संरचित सामान्य मूल्य का निर्धारण किया जा सके।

निर्यात कीमत का निर्धारण

24. चूंकि संबद्ध देशों के किसी निर्यातक ने विहित स्वरूप और ढंग से कोई ऐसी सूचना प्रदान नहीं कराई है जिसका प्रयोग निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए किया जा सकता हो इसलिए प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के सभी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों के अनुसार भारत में आयातों की सीआईएफ कीमत के आधार पर की है। निर्यात कीमत का निर्धारण भारत में भारित औसत आयात कीमत के आधार पर किया गया है।

25. चीन जन.गण. और हांगकांग के निर्यातकों से असहयोग के मद्देनजर आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे के आधार पर कीमत समायोजन किया गया है। निर्यात कीमत का निर्धारण फैक्टरी बाह्य स्तर पर समुद्री भाड़ा, सामुद्रिक बीमा, वैट घाटा (चीन-1 प्रतिशत, हांगकांग – शून्य), कमीशन, बैंक प्रभार, पत्तन एवं अंत:स्थलीय भाड़ा प्रभारों के लिए समायोजन करने के पश्चात् किया गया है।

पाटन मार्जिन

26. ऊपर यथानिर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए पाटन मार्जिन का निर्धारण निम्नवत किया गया है। यह देखा जाता है कि पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक एवं पर्याप्त है।

पाटन मार्जिन तालिका

विवरण	यूनिट	चीन	हांगकांग
सामान्य मूल्य का आधार		संरचित	संरचित
सामान्य मूल्य	यूएस डालर/मीटर	****	****
निर्यात कीमत	यूएस डालर/मीटर	****	****
पाटन मार्जिन	यूएस डालर/मीटर	****	****
पाटन मार्जिन	%	****	****
पाटन मार्जिन	रेंज	30-40	20-30

क्षति मार्जिन के लिए क्रियापद्धति और क्षति एवं कारणात्मक संबंधों की जांच

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

27. क्षति एवसं कारणात्मक संबंधों के बारे में घरेलू उद्योग के निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) अक्तूबर, 2012 से सितम्बर, 2013 (12 माह) है। तथापि, क्षति अवधि को वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 और पीओआई के रूप में माना गया है।

(ii) चूंकि संबद्ध देशों में से प्रत्येक के लिए आयात की मात्रा एवं पाटन मार्जिन निर्धारित सीमा से अधिक है इसलिए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा मूल जांच में अपनाए गए के अनुसार इस जांच में भी संचयी आकलन अपनाया गया है और संचयी आकलन ही उपयुक्त है।

(iii) यद्यपि, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण ने घरेलू उद्योग की अधोगति का निवारण किया है, फिर भी इसने घरेलू उद्योग को अपने निष्पादन में उस सीमा तक सुधार करने में सहायता नहीं की है जिस सीमा तक इसका विकास पाटन की निरंतरता के अभाव में हो सकता था। यह पाटनरोधी शुल्क के स्वरूप के मद्देनजर है। चूंकि आयात पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना किए गए थे, इसलिए आयातों की मात्रा बहुत अधिक बनी रही।

(iv) क्षति अवधि में घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है। तथापि, पाटनरोधी शुल्क के मौजूदा स्वरूप के मद्देनजर पाटनरोधी शुल्क मौजूद होने के बावजूद पाटित आयातों का बाजार हिस्सा बहुत अधिक बना रहा। पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम से अधिक है बल्कि यह बहुत अधिक है।

(v) यद्यपि विभिन्न आर्थिक पैरामीटरों के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार हुआ है तथापि, मात्रा पैरामीटर के रूप में यह सुधार उस स्तर से बहुत नीचे था जिसे पाटन की प्रक्रिया न होने की स्थिति में घरेलू उद्योग द्वारा अवाप्त कर लिया जाता।

(vi) आयात घरेलू कीमतों का अधोरदन कर रहे हैं और पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने के प्रभाव का बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर भारी अवमंदन प्रभाव होगा।

(vii) पाटनरोधी शुल्क लगे होने के बावजूद घरेलू उद्योग इष्टतम स्तर प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पाया है। ऐसा पाटित आयातों की सतत मौजूदगी के कारण हुआ है।

(viii) मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद घरेलू उद्योग पर मात्रा के रूप में निरंतर विपरीत प्रभाव पड़ता रहा है। यह प्राथमिकता पाटनरोधी शुल्क के स्वरूप के कारण हुआ है। पाटनरोधी शुल्क का बेंचमार्क स्वरूप देश में इस उत्पाद के पाटन का निवारण करने में सक्षम नहीं हुआ है।

उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकरों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

28. क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में किसी भी उत्पादक/निर्यातक/अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई भी प्रस्तुतिकरण नहीं किया है। मैसर्स सचदेवा फेब्रिक वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, जिन्हें इससे पूर्व अन्य भारतीय उत्पादकों की सूची में माना गया था, ने सूचित किया है कि वे 50 प्रतिशत या उससे अधिक के फ्लैक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक का उत्पादन नहीं करते है। इसलिए, उन्हें कुल फ्लैक्स उत्पादन से अपवर्जित कर दिया गया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

29. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न प्रस्तुतिकरणों पर विचार करते हुए प्राधिकारी संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन एवं क्षति की संभावना के पहलू की जांच करने से पहले घरेलू उद्योग को मौजूदा क्षति, यदि कोई, की जांच करने के लिए अग्रसर होते हैं।

30. डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 30 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में (क) पाटित आयातों की मात्रा और घरेलू बाजार में समान उत्पादों के लिए कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव; और (ख) उन आयातों का इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर परिणामी प्रभाव, दोनों की उद्देश्यपरक जांच करने का प्रावधान है। पाटित आयातों के मात्रा प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी को यह जांच करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में निर्बाध रूप से अथवा भारत में उत्पादन एवं खपत के संबंध में भारी वृद्धि हुई है। पाटित आयातों के कीमत प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी को यह जांच करना अपेक्षित होता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है अथवा इन आयातों का प्रभाव कीमतों का अन्यथा भारी मात्रा में अवमंदन करना है अथवा कीमतों में उस वृद्धि को हाने से रोकना है, जो अन्यथा भारी मात्रा में घटित हुआ होता।

31. जहां तक घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक-II के पैरा (iv) में निम्नलिखित प्रावधान किया गया है :

> *"घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत आर्थिक कारकों एवं संकेतकों की उद्देश्यपरक एवं पक्षपात रहित जांच शामिल होगी जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है, इनमें शामिल हैं बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश करने वाले उपादान, पाटन मार्जिन के परिमाण का नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव।"*

32. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए पूर्वोक्त नियमावली के अनुलग्नक-II के अनुसार उन सभी संकेतकों पर विचार किया गया है जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक लाभप्रदता, निवल बिक्री प्रापण, पाटन मार्जिन एवं पाटन की मात्रा आदि।

33. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 9(क) (5) के अनुसार अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क, जब तक उसका प्रतिसंहरण नहीं कर दिया जाता है तब तक वह ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात निष्प्रभावी हो जाएगा बशर्ते कि, केंद्रीय सरकार का किसी समीक्षा में यह विचार है कि इस शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, तो यह समय-समय पर, इस अधिरोपण को पांच वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ा सकती है और यह बढ़ी हुई अवधि ऐसे विस्तार के आदेश की तारीख से प्रारंभ होगी।

34. वर्तमान जांच प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच है। नियम 23 में प्रावधान है कि समीक्षा के मामले में नियम 11 के उपाबंध यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे। इसलिए प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति का निर्धारण अनुलग्नक-II के साथ पाठित नियम 11 के उपबंधों पर यथावश्यक परिवर्तनों सहित विचार करते हुए किया है। इसके अतिरिक्त, चूंकि इस विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है, इसलिए प्राधिकारी यह विचार करते हैं कि क्या चीन जन.गण. और हांगकांग से संबद्ध वस्तु के आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क पर, घरेलू उद्योग को क्षति की

जांच करते समय विचार करना आवश्यक है। प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या मौजूदा पाटनरोधी शुल्क उस पाटन का सामना करने के लिए पर्याप्त है या नहीं जो घरेलू उद्योग को क्षति कारित कर रहा है।

35. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 9(क) (5) के अनुसार अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क, जब तक उसका प्रतिसंहरण नहीं कर दिया जाता है तब तक वह ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात निष्प्रभावी हो जाएगा बशर्ते कि, केंद्रीय सरकार का किसी समीक्षा में यह विचार है कि इस शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, तो यह समय-समय पर, इस अधिरोपण को पांच वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ा सकती है और यह बढ़ी हुई अवधि ऐसे विस्तार के आदेश की तारीख से प्रारंभ होगी।

36. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों की मात्रा एवं कीमत प्रभाव तथा कीमतों एवं लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की जांच पाटन एवं क्षति के बीच कारणात्मक संबंधों एवं क्षति की मौजूदगी की जांच की है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति की जांच नियमावली के अंतर्गत घरेलू उद्योग संस्थापित होने वाले मैसर्स जयश्री टेक्सटाइल्स से संबंधित सूचना पर विचार करते हुए की है। तदनुसार, पाटित आयातों के कीमतम एवं मात्रा प्रभाव की जांच निम्नवत की गई है :

ज. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव एवं घरेलू उद्योग पर प्रभाव

क) मांग एवं बाजार हिस्सा

37. प्राधिकारी ने इस उत्पाद की भारत में मांग अथवा स्पष्ट खपत का निर्धारण भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से भारत में इस संबद्ध वस्तु के आयातों के योग के रूप में किया है जैसा कि अधोलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

भारत में मांग एवं बाजार हिस्सा

क्र. स.	**विवरण**	**मापन की इकाई**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**	**2013-14**
(क)	मांग						
(i)	संबद्ध देश	लाख मीटर	56	56	53	49	49
	चीन	लाख मीटर	52	52	49	46	47
	हांगकांग	लाख मीटर	4	4	4	3	2
(ii)	अन्य देश	लाख मीटर	3	4	2	2	2
	कुल आयात	लाख मीटर	**59**	**60**	**55**	**51**	**51**
(iii)	घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियां	लाख मीटर	58	63	70	71	75
(iv)	अन्य भारतीय उत्पादक*	लाख मीटर	88	90	106	119	127
	कुल मांग	लाख मीटर	**205**	**213**	**232**	**241**	**253**
	प्रवृत्ति						
(ख)	बाजार हिस्सा						
(i)	संबद्ध देश	%	27%	26%	23%	20%	19%
(ii)	अन्य देश	%	1%	2%	1%	1%	1%
(iii)	घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियां	%	28%	29%	30%	30%	30%
(iv)	अन्य भारतीय उत्पादक	%	43%	43%	46%	49%	50%
	कुल	**%**	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**

- *अन्य उत्पादकों के संबंध में सूचना (समर्थक कंपनी को छोड़कर) का आकलन घरेलू उद्योग द्वारा बाजार आसूचना के आधार पर किया गया है। जांच की अवधि के पश्चात की अवधि के लिए सूचना घरेलू उद्योग से यथाप्राप्त सूचना है। मैसर्स सचदेवा फेब्रिक वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, जन पर इससे पूर्व अन्य भारतीय उत्पादकों की सूची में रखकर विचार किया गया था, ने सूचना दी है कि उन्होंने जांच की अवधि के दौरान 50 प्रतिशत या उससे अधिक के फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फेब्रिक या उत्पादन नहीं किया। इसलिए, उनका उस अवधि के दौरान कुल फ्लेक्स उत्पादन तथा बिक्री (दोनों अनुमानित) से अपवर्जन कर दिया गया।*

38. इस विचाराधीन उत्पाद की समग्र मांग सकारात्मक प्रवृत्ति प्रदर्शित कर रही है और इसमें क्षति अवधि के दौरान वर्ष 2010-11 के दौरान 205 लाख मीटर की तुलना में जांच की अवधि के दौरान वृद्धि होकर 241 लाख मीटर हो गई। इसके अतिरिक्त, तालिका यह दर्शाती है कि यद्यपि संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में कम होने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है फिर भी घरेलू उद्योग का बाजार लगभग स्थिर रहकर 30 प्रतिशत ही बना रहा। तथापि, अन्य भारतीय उत्पादकों का बाजार हिस्सा जो वर्ष 2010-11 में 43 प्रतिशत था, बढ़कर वर्ष 2013-14 के दौरान लगभग 50 प्रतिशत हो गया। तथापि, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात भारत में कुल मांग के संबंध में जांच की अवधि के दौरान लगभग 20 प्रतिशत बना रहा जो बहुत अधिक है।

पाटित आयातों का कीमत प्रभाव ओर उसका घरेलू उद्योग पर प्रभाव

39. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण घरेलू उद्योग पर कीमतों के प्रभाव की जांच कीमत अधोरदन, कीमत अधोविक्रयण, कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन के संबंध में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग के संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्रापण (एनएसआर) और गैर-क्षतिकारी कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के उतराई मूल्य से की गई। जांच की अवधि के दौरान इस संबद्ध वस्तु के लिए पाटित आयातों के उतराई मूल्य की तुलना घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री कीमत से की गई। घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा पेशकश किए गए कर, रिबेट, डिस्काउंट और कमीशन का समायोजन किया गया है। कीमत अधोविक्रयण क्षति के आकलन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है और इसलिए प्राधिकारी ने एक गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण किया है और कीमत अधोविक्रयण का निर्धारण करने के लिए उसकी उतराई मूल्य से तुलना की गई है। घरेलू उद्योग के लिए गेर-क्षतिकारी कीमत का मूल्यांकन जांच की अवधि के दौरान इस विचाराधीन उत्पाद के लिए उत्पादन लागत पर समुचित रूप से विचार करते हुए किया गया है। स्थिति निम्नलिखित है :

क) कीमत अधोरदन एवं अधोविक्रयण

40. कीमत अधोविक्रयण का आकलन जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की भारत में घरेलू बिक्री कीमत की तुलना निर्यात कीमत के साथ करके की गई है। यह देखा जा सकता है कि आयातों की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है जैसा कि अधोलिखित तालिका से देखा जा सकता है :

(क) कुल संबद्ध देश

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
1	निवल बिक्री प्रापण	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	120	128	133
2	आयातों का उतराई मूल्य	रुपए/मीटर	156	213	205	217
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	137	131	139
3	कीमत अधोरदन	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	95	123	124
4	कीमत अधोरदन	% एनएसआर	****	****	****	****
		रेंज	35-45	25-35	30-40	30-40

(ख) चीन

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
1	निवल बिक्री प्रापण	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	120	128	133
2	आयातों का उतराई मूल्य	रुपए/मीटर	154	209	203	216
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	135	132	140
3	कीमत अधोरदन	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	97	122	122
4	कीमत अधोरदन	% एनएसआर	****	****	****	****
	रेंज	रेंज	35-45	25-35	30-40	30-40

(ग) हांगकांग

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
1	निवल बिक्री प्रापण	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	120	128	133
2	आयातों का उतराई मूल्य	रुपए/मीटर	180	275	224	223
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	152	125	124
3	कीमत अधोरदन	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित	अनुक्रमित	100	44	136	155
4	कीमत अधोरदन	% एनएसआर	****	****	****	****
		रेंज	20-30	10-20	30-40	30-40

41. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग का निवल बिक्री प्रापण दोनों देशों के आयातों के उतराई मूल्य, अलग-अलग रूप से और सामूहिक रूप से अधिक है।

कीमत अधोविक्रयण

42. कीमत अधोविक्रयण का आकलन आयातों के उतराई मूल्य की तुलना जांच की अवधि के लिए घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत से करके किया गया है। यह देखा जाता है कि आयातों का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत से बहुत कम है, जैसाकि अधोलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

विवरण	मापन की इकाई	चीन	हांगकांग
घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/मीटर	****	****
उतराई मूल्य	रुपए/मीटर	216	223
कीमत अधोविक्रयण	रुपए/मीटर	****	****
कीमत अधोविक्रयण	%	****	****
कीमत अधोविक्रयण	रेंज	10-20	10-20

43. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उतराई मूल्य न केवल निवल बिक्री प्रापण बल्कि गैर-क्षतिकारी कीमत से भी कम है।

ख) कीमत निग्रहण और अवमंदन

44. घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों के कीमत निग्रहण एवं कीमत अवमंदन प्रभाव की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण की प्रवृत्ति की तुलना बिक्री लागत से की गई है। अधोलिखित आंकड़े बिक्री लागत से तुलना करने पर आयातों की उतराई कीमत के न्यून स्तर को दर्शाते हैं।

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
1	उतराई मूल्य	रुपए/मीटर	156	213	205	217
	अनुक्रमित		100	137	131	139
2	ब्रिकी लागत	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित		100	117	124	133
3	निवल बिक्री कीमत	रुपए/मीटर	****	****	****	****
	अनुक्रमित		100	120	128	133

45. यह देखा जाता है कि आयातों की उतराई कीमत क्षति अवधि तथा जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत तथा बिक्री कीमत से वास्तव में कम है।

घरेलू उद्योग पर आर्थिक पैरामीटरों का प्रभाव

46. पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक-II में यह अपेक्षा की जाती है कि क्षति का निर्धारण करने में इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की उद्देश्यपरक जांच अंतर्ग्रस्त होगी। इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली में आगे यह प्रावधान किया गया है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत कारकों और अभिसूचकों की उद्देश्यपूर्ण एवं पक्षपात रहित जांच शामिल होगी जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जिनमें शामिल हैं बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिलाभ अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन के मार्जिन की मात्रा, नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव।

47. घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न पैरामीटरों के संबंध में चर्चा निम्नलिखित की गई है :

क) क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री

48. घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना निम्नवत है :

विवरण	**यूनिट**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**	**2013-14**
संस्थापित क्षमता (प्रसंस्करण)	लाख मीटर	101	101	101	101	101
प्रवृत्ति		100	100	100	100	100
उत्पादन	लाख मीटर	66	61	67	73	86
प्रवृत्ति		100	93	102	111	130
क्षमता उपयोग	%	65.49	60.62	66.78	72.74	84.78
प्रवृत्ति		100	93	102	111	130
घरेलू बिक्री की मात्रा	लाख मीटर	58	63	70	71	75
प्रवृत्ति		100	109	122	124	129

49. घरेलू उद्योग ने प्रस्तुतिकरण किया है कि उसके पास 101 लाख मीटर की उत्पादन प्रसंस्करण क्षमता है। तथापि, यह अपनी क्षमताओं का उपयोग केवल 73 लाख मीटर के लिए ही कर सका। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबंधित उत्पाद का उत्पादन करने के लिए प्रसंस्करण क्षमता में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है और संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान यह स्थिर बनी रही। तथापि, क्षति अवधि में उत्पवादन और बिक्री में वृद्धि हुई है। इसलिए, क्षति अवधि में क्षमता उपयोग में सुधार हुआ है।

सेगमेंट विश्लेषण

50. घरेलू उद्योग ने संबद्ध देशों से पाटन के विभिन्न उपभोक्ता सेगमेंटों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करने के लिए जांच की अवधि के दौरान बीजकवार कुल बिक्री लिस्टिंग का विश्लेषण किया है। घरेलू उद्योग ने अपने उपभोक्ताओं का विभिन्न सेगमेंटों जैसे खुदरा, थोक बिक्री, आरएमजी (सिलेसिलाए परिधान), घरेलू आरएमजी निर्यात, निर्यात एफआर/औद्योगिक तथा अन्यों में पृथक्करण एवं समूहन किया है। घरेलू उद्योग ने यह विचार किया कि इनमें से प्रत्येक बाजार सेगमेंट अपनी एक डायनामिक बाजार का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए, घरेलू उद्योग ने निर्दिष्ट प्राधिकारी से यह अनुरोध किया है कि वह प्रतिस्पर्धी सेगमेंट्स पर भी पाटन के प्रभाव पर विचार करे। यह भी उल्लेख किया जाता है कि प्राधिकारी ने भी मूल जांच के दौरान समान समूहन पर विचार किया था। ग्राहक सेगमेंटवार बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना निम्नलिखित है :

	अवधि के दौरान बिक्री ('000 मीटर से)	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**	**टिप्पणियां**
(क)	निजी खुदरा श्रृंखला	****	****	****	****	कोई प्रतिस्पर्धा नहीं
	प्रवृत्ति	100	145	147	165	
(ख)	थोक बिक्रेता/व्यापारी	****	****	****	****	न्यून प्रतिस्पर्धा
	प्रवृत्ति	100	138	171	196	

(ग)	अंतिम उपभोक्ता घरेलू	****	****	****	****	प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा
	प्रवृत्ति	100	108	127	119	
(घ)	अंतिम उपभोक्ता निर्यात	***	***	***	***	प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा
	प्रवृत्ति	100	66	79	49	
(ड.)	अग्नि अवरोधक	***	***	***	***	प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा
	प्रवृत्ति	100	81	52	34	
(च)	औद्योगिक	****	****	****	****	प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा
	प्रवृत्ति	100	118	91	158	
(छ)	विविध	****	****	****	****	कोई प्रतिस्पर्धा नहीं
	प्रवृत्ति	100	66	70	80	
(ज)	कुल घरेलू बाजार	****	****	****	****	
	प्रवृत्ति	100	109	122	123	
(झ)	निर्यात	****	****	****	****	कोई प्रतिस्पर्धा नहीं
	प्रवृत्ति	100	69	63	58	
(ञ)	**कंपनी के लिए कुल**	**6,086**	**6,505**	**7,230**	**7,304**	
	प्रवृत्ति	100	107	119	120	
(ट)	कुल प्रतिस्पर्धी सेगमेंट [(ग),(घ),(ड.)(च)]*	****	****	****	****	
	प्रवृत्ति	100	95	103	91	
(ठ)	प्रतिस्पर्धी सेगमेंट में बिक्री का हिस्सा	62%	53%	51%	44%	

** इसमें थोक विक्रेता/व्यापारी शामिल नहीं है (न्यून प्रतिस्पर्धा)*

51. घरेलू उद्योग ने पुन: यह उल्लेख किया है कि यद्यपि घरेलू उद्योग की समग्र बिक्री में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, तथापि प्रतिस्पर्धाकारी सेगमटों में इसकी बिक्री में वर्ष 2011-12 और जांच की अवधि में गिरावट आई है। प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंटों में जांच की अवधि में बिक्रियां न केवल विगत वर्ष की तुलना में कम थी बरन आधार वर्ष की तुलना में भी कम थी। तथापि, यदि थोक बिक्री/व्यापारियों की मात्रा पर भी विचार किया गया होता तो इस स्थिति में भारी सुधार हुआ होता। इसके अतिरिक्त, थोक विक्रेताओं/व्यापारियों को अक्सर व्याप्त प्रतिस्पर्धी दरों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी होती है क्योंकि वे भारी मात्रा में लेनदेन करते हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह सेगमेंट विश्लेषण केवल एक ही कंपनी के आंकड़ों पर आधारित है जिसका कुल बाजार के लगभग 30 प्रतिशत कब्जा है।

52. निम्नलिखित विश्लेषण पुन: यह व्यक्त करता है कि प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंटों में निवल बिक्री प्रापण गैर-प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंटों में निवल बिक्री प्रापण की तुलना में बहुत कम है। इसलिए, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि जांच की अवधि के

दौरान उत्पाद लागत में *** रुपए प्रति मीटर की वृद्धि होने के बावजूद प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंट में बिक्री कीमत में तुलनीय वृद्धि नहीं हुई जिसमें इस अवधि के दौरान केवल *** रुपए प्रति मीटर की ही वृद्धि हुई जिसका विवरण अधोलिखित है :

अवधि		**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
कुल घरेलू बाजार	रुपए/मीटर	****	****	****	****
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	120	128	133
प्रतिस्पर्धी सेगमेंट की बिक्री कीमत	रुपए/मीटर	****	****	****	****
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	114	118	119
गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/मीटर				***
आयातों की उतराई कीमत	रुपए/मीटर	156	213	205	217
उत्पादन लागत	रुपए/मीटर	****	****	****	****
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	117	124	133
लाभ/हानि प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंट		****	****	****	(****)
प्रवृत्ति		100	72	39	-56
अधोलिखित में वृद्धि :					
आयातों की उतराई कीमत	रुपए/मीटर		****	(****)	****
प्रवृत्ति	अनुक्रमित		100	-14	21
प्रतिस्पर्धीकारी सेगमेंट की बिक्री कीमत	रुपए/मीटर		****	****	****
प्रवृत्ति	अनुक्रमित		100	29	12
उत्पादन लागत	रुपए/मीटर		****	****	****
प्रवृत्ति	अनुक्रमित		100	42	55

53. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि किसी भी उत्पाद की कीमत कई कारकों पर निर्भर करती है जिनमें इसकी गुणवत्ता, फिनिशिंग और आर्डर की मात्रा (परिमाण) शामिल है। तथापि, यह भी नोट किया जाता है कि जहां कहीं प्रतिस्पर्धा होती है वहां कीमतें न्यून लाभ मार्जिन के साथ सामान्यत: कम ही होती है।

ख) घरेलू उद्योग की लाभप्रदता

54. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता की जांच निम्नवत की गई है :

विवरण	**यूनिट**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
बिक्री लागत	रुपए/मीटर	****	****	****	****
प्रवृत्ति		100	116	124	133

बिक्री कीमत	रुपए/मीटर	****	****	****	****
प्रवृत्ति		100	120	128	134
लाभ/हानि	रुपए/मीटर	****	****	****	****
प्रवृत्ति		100	148	163	140

55. अधोलिखित तालिका से यह देखा जा सकता है कि इस विचाराधीन उत्पाद का समग्र नकद लाभ जो आधार वर्ष 2010-11 में *** लाख रुपए था बढ़कर जाचं की अवधि में *** लाख रुपए हो गया। इसलिए, निवेश की गई पूंजी पर प्रतिलाभ ने भी समान प्रवृत्ति का अनुसरण किया और यह वर्ष 2010-11 के दौरान *** से बढ़कर जांच की अवधि में *** हो गया जिसका विवरण निम्नलिखित है :

विवरण	**यूनिट**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**	**2013-14**
ब्याज एवं कर पूर्व लाभ (पीबीआईटी)	लाख रुपए	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	164	179	164	236
ब्याज	लाख रुपए	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	179	80	115	147
लाभ/हानि	लाख रुपए	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	161	198	174	253
मूल्यह्रास	लाख रुपए	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	116	122	125	145
नकद लाभ	लाख रुपए	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	150	180	162	228
एनएफए आधार पर नियोजित पूंजी	लाख रुपए	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	87	79	94	127
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ	%	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	अनुक्रमित	100	188	227	177	186

रोजगार एवं वेतन

56. घरेलू उद्योग के रोजगार स्तर और वेतन की स्थिति निम्नवत है :

क्र. सं.	विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
1	कर्मचारी	संख्या	****	****	****	****
	प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*112*	*117*	*132*
2	वेतन	लाख रुपए	****	****	****	****
	प्रवृत्ति	अनुक्रमित	*100*	*172*	*218*	*244*

57. यह नोट किया जाता है कि रोजगार स्तर एवं वेतन में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

(ग) उत्पादकता

58. घरेलू उद्योग की उत्पादकता की स्थिति निम्नलिखित तालिका में दी गई है।

विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
उत्पादकता प्रतिदिन	मीटर	18,897	17,494	19,271	20,991
प्रवृत्ति	इंडेक्स	100	93	102	111

59. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति अवधि में उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

घ) मालसूची

60. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के मालसूची स्तर की जांच की है जिसे अधोलिखित तालिका में दिया गया है :

विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
औसत स्टॉक	लाख मीटर	15	16	12	13
	इंडेक्स	100	106	80	82

61. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के मालसूची स्तर में गिरावट आई है।

(ड.) पाटन का विस्तार

62. पाटन का विस्तार, उस सीमा के संकेतक के रूप में जिस सीमा तक पाटित आयात घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकते हैं, दर्शाता है कि प्राधिकारी द्वारा जांच की अवधि में संबद्ध देशों के विरुद्ध निर्धारित पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक तथा बहुत अधिक है।

च. पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता

63. इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के पास पूंजी निवेश उगाहने की पर्याप्त क्षमता है।

64. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यद्यपि घरेलू उद्योग ने कई पैरामीटरों में सुधार प्रदर्शित किया है फिर भी यह महसूस किया जाता है कि यह पाटित आयातों की सतत मौजूदी के कारण सुधार के इष्टतम स्तर को प्राप्त नहीं कर पाया है।

(छ) घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

65. संबद्ध देशों तथा अन्य देशों से आयात कीमतों की जांच, लागत ढांचे में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, पाटित आयातों के अलावा वे अन्य कारक जो घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं, की जांच यह दर्शाती है कि पाटनरोधी शुल्क के बिना संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और गैर-क्षतिकारी कीमत से कम था, जिससे भारतीय बाजार में भारी कीमत अधोरदन और कीमत अधोविक्रयण हुआ।

अन्य ज्ञात कारक एवं कारणात्मक संबंध

66. प्राधिकारी ने यह भी जांच की है कि क्या अन्य ज्ञात कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई जा सकती है, जो निम्नवत है :—

(क) मांग में संकुचन और/या खपत के प्रतिमान में परिवर्तन

इस विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत के प्रतिमान में ऐसा कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं आया है जो इस विचाराधीन उत्पाद के विपरीत से स्पष्टत: सिद्ध हो जाता है। इसलिए, खपत के प्रतिमान में परिवर्तन ने घरेलू उद्योग को क्षति कारित नहीं की है।

(ख) विदेशी एवं घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं

ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रिया नहीं है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति में योगदान दिया हो।

(ग) प्रौद्योगिकी में विकास

प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस उत्पाद अथवा इसके विनिर्माण के संबंध में प्रौद्योगिकी में किसी ऐसे विकास के साक्ष्य नहीं हैं जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति पहुंच सकती हो।

(घ) निर्यात निष्पादन

याचिकाकर्ता ने इस विचाराधीन उत्पाद का तृतीय देशों को निर्यात किया है। तथापि, घरेलू उद्योग को दावाकृत क्षति घरेलू प्रचालनों के कारण हुई है। याचिकाकर्ता ने घरेलू बिक्रियों के लिए लागत निर्धारण एवं क्षति से संबंधित सूचना अलग से प्रदान की है। इसलिए, घरेलू उद्योग को दावाकृत क्षति निर्यातों पर उपरोपित नहीं की जा सकती है।

(ड.) अन्य उत्पादों का निष्पादन

घरेलू उद्योग को दावाकृत क्षति अन्य उत्पादों के निष्पादन के परिणामस्वरूप नहीं हुई है। याचिकाकर्ता ने जो सूचना प्रदान कराई है वह केवल इस विचाराधीन उत्पाद से संबंधित है। अत:, इस विचाराधीन उत्पाद से संबंधित प्रदत्त वित्तीय सूचना स्पष्टत: घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बिक्रीकृत समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग की स्थिति दर्शाती है।

67. प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि यद्यपि ऊपर सूचीबद्ध किए गए अन्य ज्ञात कारकों ने, ऐसा प्रतीत होता है कि निर्धारित क्षति कारित नहीं की है, तथापि निम्नलिखित पैरामीटर दर्शाते हैं कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को पाटित आयातों द्वारा क्षति पहुंचाए जाने की पूर्ण संभावना है।

(i) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा बहुत अधिक हैं।

(ii) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन कर रहे हैं।

(iii) उपभोक्तागणों का झुकाव यदि आयातित उत्पाद की ओर हो रहा है तो इसका आशय यह हुआ कि घरेलू उद्योग के उत्पाद की मांग में गिरावट आ रही है और पाटित उत्पाद की मांग में वृद्धि हो रही है।

(iv) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की मौजदूगी के बावजूद इस स्रोत से पाटित आयातों की भारी मात्रा लगातार आ रही है। इससे यह संकेत मिलता है कि यदि इस साधन को समाप्त कर दिए जाने की अनुमति दी गई तो पाटन में तीव्रता आएगी और घरेलू उद्योग को अधिक क्षति कारित होगी।

(v) पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में संबद्ध देश के निर्यातक, उनकी उच्च उत्पादन क्षमताओं तथा न्यून निर्यात कीमत के कारण, बाजार पर और अधिक आधिपत्य जमा लेंगे।

क्षति एवं कारणात्मकता संबंधी निष्कर्ष

68. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के पश्चात भी संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा बहुत अधिक बनी रही। घरेलू उद्योग के निष्पादन में विभिन्न पैरामीटरों के कारण सुधार हुआ। तथापि, घरेलू उद्योग ने यह अभिवचन करता है कि उसकी स्थिति में उस स्तर तक सुधार नहीं आया जो देश में इस उत्पाद का पाटन न होने की स्थिति में प्राप्त कर लिया गया होता। प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटन के कारण क्षतित हुई है।

झ. पाटन एवं क्षति की निरंतरता/पुनरावृत्ति की संभावना

घरेलू उद्योग के प्रस्तुतिकरण

69. पाटन एवं क्षति की निरंतरता/पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए है :

(i) संबद्ध देशों से इस विचाराधीन उत्पाद का सतत पाटन हुआ है। यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो संबद्ध देशों से इस पाटन के और भी अधिक तीव्र होने की संभावना है।

(ii) यद्यपि घरेलू उद्योग के निष्पादन ने कुछ सुधार दर्शाया है तथापि, यह सुधार इस विचाराधीन उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित होने के कारण हुआ है। पाटनरोधी शुल्क को वापस ले लिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति होगी।

(iii) पिछली जांचों तथा वर्तमान जांच में निर्धारित पाटन मार्जिन बहुत अधिक है और यह स्पष्टत: दर्शाता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो उससे पाटन होने और उसके परिणामस्वरूप क्षति होने की संभावना बढ़ जाती है।

(iv) संबद्ध विदेशी उत्पादकों के पास भारी बेशी क्षमताएं हैं। मौजूदा शुल्क को समाप्त कर देने से संबद्ध देशों से पाटन पुन: होने लगेगा और अंतत: वह घरेलू उद्योग को क्षति कारित करेगा।

(v) संबद्ध देशों में बहुलता से उत्पादक इस विचाराधीन उत्पाद की अपनी घरेलू बाजार में बिक्री करने के बजाय निर्यात करते हैं। इससे यह स्पष्टत: सिद्ध होता है कि संबद्ध देशों के विनिर्माता निर्यात उन्मुखी हैं।

(vi) भारतीय बाजार अत्यधिक कीमत संवेदी होने के कारण पाटन की पूर्ण संभावना है।

(vii) संबद्ध देशों से आयात भारी अधोरदन कारित कर रहा हैं जो यह दर्शाता है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से कीमत अधोरदन और भी अधिक हो जाएगा।

(viii) इसी संभावना के एक या दो पैरामीटर भी संतुष्ट होने पर शुल्क को लागू रखा जाना चाहिए।

प्राधिकारी द्वारा जांच

70. वर्तमान जांच चीन जन.गण. और हांगकांग से फ्लेक्स फेब्रिक के आयातों पर पहले से अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है। नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी को यह निर्धारित करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटनरोधी शुल्क का सतत अधिरोपण करना अधिपत्रित है। इसमें इस तथ्य पर भी विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या अधिरोपित शुल्क क्षतिकारी पाटन का उपशमन करने के आशयित प्रयोजन को पूरा कर रहा है। इस मामले में, चूंकि पाटित आयात निरंतर बने हुए हैं, इसलिए प्राधिकारी को यह जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से इस उत्पाद के सतत पाटन की संभावना बनी रहेगी। संबद्ध देशों के निर्यातक और उत्पादक संबद्ध वस्तु का पाटित कीमतों पर निर्यात कर रहे हैं। पिछली जांच में भी पाटन मार्जिन बहुत अधिक था। ऐसी स्थिति में, प्राधिकारी के पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि यदि मौजूदा शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो पाटन में तीव्रता नहीं आएगी।

71. यह एक तथ्य है कि पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद संबद्ध देश भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तु का अभी भी पाटन कर सकते हैं। निम्नलिखित विश्लेषण यह दर्शाता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो पाटन की निरंतरता बने रहने/तीव्रीकरण होने और घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना बनी रहेगी।

क) मौजूदा एवं विगत पाटन का स्तर

72. पाटन मार्जिन का स्तर मूल जांच और वर्तमान जांच दोनों ही जांचों में बहुत अधिक है। उसे अधोलिखित तालिका में दर्शाया गया है। अत्यधिक पाटन मार्जिन स्पष्टत: पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में पाटन और उसके परिणामस्वरूप क्षति होने की संभावना को दर्शाता है।

वर्तमान जांच			
विवरण	**यूनिट**	**चीन**	**हांगकांग**
पाटन मार्जिन	यूएस डालर/मीटर	****	****
पाटन मार्जिन	आईएनआर	****	****
पाटन मार्जिन	%	****	****
पाटन मार्जिन	रेंज	30-40	20-30
मूल जांच			
विवरण	**यूनिट**	**चीन**	**हांगकांग**
पाटन मार्जिन	यूएस डालर/मीटर	****	****
पाटन मार्जिन	रुपए	****	****
पाटन मार्जिन	%	****	****
पाटन मार्जिन	रेंज	200-250	100-150

(ख) इस उपाय के न होने पर कीमत अधोरदन, कीमत निग्रहण, कीमत अवमंदन

73. घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि वह कीमत जिस पर चीन जन.गण. और हांगकांग से संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया जा रहा है उस कीमत की संभावना का संकेतक है जिस पर पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का निर्यात किया जाएगा । इसने यह भी अभिवचन दिया है कि यद्यपि एनएसआर – पाटित आयातों के उतराई मूल्य से अधिक है कीमत अधोरदन ने बिक्री मूल्य को, खासकर प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंट में, कम कर दिया है। इसलिए, पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा संवर्धित आयात किए जाने की भारी संभावना है। निर्यातक भी भारतीय बाजार में अपने उत्पादन का सरणीकरण करने को प्रोत्साहित होंगे क्योंकि उनके पास अत्यधिक क्षमताएं हैं और वे अपने उत्पाद की बिक्री तुलनात्मक रूप से न्यूनतर कीमतों पर कर रहे हैं।

(ग) बेशी क्षमताएं और विदेशी उत्पादकों की निर्यात उन्मुखता

74. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई रिकार्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार चीन के उत्पादकों की उत्पादन क्षमता बहुत अधिक है और उनकी निर्यात उन्मुखता बहुत उच्च है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराई गई सूचना यह दर्शाती है कि विभिन्न उत्पादकों की क्षमता बहुत अधिक है जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

संबद्ध देशों में ज्ञात निर्यातकों की निर्यात उन्मुखता

क्र.सं.	नाम	क्षमता मीटर/ वर्ष	निर्यात प्रतिशत - %
1.	चांग्सु लिफेंग लिनेन एंड काटन वीविंग कंपनी लिमिटेड	20,00,000	51 - 60
2.	हुनान गोल्डन टेक्स कंपनी लिमिटेड	60,00,000	91- 100
3.	वुजिआंग होंग्जी टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड	12,00,000	31 - 40
4.	झुचेंग डेलियुआन टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड	21,94,560	21 - 30
5.	युइक्विंग रिलायबल इलेक्ट्रिक कंपनी लिमिटेड	52,00,000	91- 100

6.	शाओक्सिंग गुस्सो इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड	1,20,00,000	71- 80
7.	वुजिआंग टांगचाओ टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड	9,50,976	91 - 100
8.	हैनिंग युटेक्स कंपनी लिमिटेड	12,00,000	91- 100
9.	क्विंग्डाओ युझोऊ निट एंड टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड	60,000	91 - 100
10.	वुजिआंग माइशुन्डा सिल्क टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड	6,00,000	61 - 70
11.	शाओक्सिंग इन हैंड टेक्सटाइल कंपनी लिमिटेड	1,50,000	81- 90
	कुल ज्ञात क्षमता	3,15,55,536	

स्रोत : ऊपर अभिज्ञात कंपनियों के वेबसाइट पर किए गए दावों के आधार पर घरेलू उद्योग का प्रस्तुतिकरण

यद्यपि चीन के उत्पादकों ने सहयोग न करने को अधिमानता दी है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उपलब्ध सूचना यह दर्शाती है कि चीन के उत्पादकों के पास भारी उत्पादन क्षमताएं हैं।

75. इसके अतिरिक्त, भारत में बढ़ती बाजार से यह संभावना है कि पाटनरोधी को समाप्त कर देने से पाटित कीमतों पर आयात तीव्र होगा और घरेलू उद्योग को क्षतिकारित करने वाली क्षतिकारी कीमत की पुनरावृत्ति होगी।

घरेलू उद्योग और संबद्ध देशों के बीच सेगमेंटवार तुलना

ड. भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता

76. घरेलू उद्योग का यह विचार है कि वह कीमत जिस पर संबद्ध वस्तु का आयात किया जा रहा है उस कीमत से बहुत कम है जिस पर घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु की बिक्री की जा रही है। इसलिए, शुल्क को समाप्त कर दिए जाने के मामले में संबद्ध देशों के निर्यातक अपनी भारी उत्पादन क्षमता के मद्देनजर भारतीय बाजार में अपने उत्पाद का सारणीकरण करेंगे।

(च) घरेलू उद्योग का मौजूदा निष्पादन

77. घरेलू उद्योग का निष्पादन विश्लेषण यह दर्शाता है कि वर्ष 2010-11 में घरेलू उद्योग की बिक्री की लगभग 62 प्रतिशत बिक्री उन बाजारों में हुई थी जहां घरेलू उद्योग को चीन के उतपादकों के साथ प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। यह विश्लेषण पुन: यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंटों में बिक्री में हिस्सेदारी जो वर्ष 2011-12 के दौरान 62 प्रतिशत थी घटकर जांच की अवधि के दौरान 44 प्रतिशत रह गई। इसलिए, यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो चीन के उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा अधिकाधिक पाटन किए जाने की संभावना है।

पाटन एवं क्षति की संभावना संबंधी निष्कर्ष

78. पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद संबद्ध देशों से आयातों के मौजूदा स्तर पर विचार करते हुए प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन तीव्र होने तथा घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति में वृद्धि होने की पूर्ण संभावना है। इसके अतिरिक्त, पुन: यह नोट किया जाता है कि आयात कीमत ने घरेलू कीमतों का अधोरदन किया और घरेलू कीमतों पर उसका भारी निग्रहणकारी प्रभाव रहा।

पाटन मार्जिन एवं पाटन का परिमाण

79. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर विचार करते हुए किया है। क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत की तुलना संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों के उतराई मूल्य से की है। निर्धारित क्षति मार्जिन निम्नलिखित है :

विवरण	यूनिट	चीन	हांगकांग
गैर-क्षतिकारी कीमत	यूएस डालर/मीटर	****	****
उतराई	यूएस डालर/मीटर	3.80	3.92
क्षति मार्जिन	यूएस डालर/मीटर	****	****
क्षति मार्जिन	%	****	****
क्षति मार्जिन	रेंज	10-20	10-20

विनिमय दर = 56.90 रुपए/यूएस डालर

80. यह स्पष्ट है कि यथानिर्धारित क्षति मार्जिन का स्तर बहुत अधिक है।

ञ. भारतीय उद्योग का हित तथा अन्य मुद्दे

81. प्राधिकारी यह मानते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण भारत में इस उत्पाद के कीमत स्तर को प्रभावित कर सकता है। तथापि, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से भारतीय बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी। इसके विपरीत, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण पाटन की प्रक्रियाओं द्वारा अर्जित अनुचित लाभ को दूर करेगा, घरेलू उद्योग में गिरावट को कम करेगा और उपभोक्ताओं को इस संबद्ध वस्तु के व्यापक विकल्प की उपलब्धता बनाए रखने में सहायता करेगा। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से संबद्ध देशों से आयात किसी भी रूप में प्रतिबंधित नहीं होगा और इसलिए, अंतिम प्रयोक्ता को इस उत्पाद की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। अंतिम प्रयोक्ता अभी भी आपूर्ति के दो या उससे अधिक स्रोत बनाए रख सकेंगे। सामान्यत: पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं द्वारा घरेलू उद्योग को कारित क्षति का उपशमन करना है जिससे भारतीय बाजार में मुक्त एवं पक्षपात प्रतिस्पर्धा की ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सके जो देश के आम हित में हो।

ट. प्रकटन पश्चात् विवरण प्रस्तुतिकरण

82. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग तथा चीन एवं हांगकांग के राजदूतावास को प्रकटन विवरण प्रेषित किया गया था। किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच में सहभागिता नहीं की। घरेलू उद्योग तथा हांगकांग के व्यापार एवं उद्योग विभाग द्वारा निम्नलिखित टिप्पणियां दायर की गई है, जिन्हें प्राधिकारी द्वारा प्रासंगिक माना गया है।

I. घरेलू उद्योग के विचार

(क) विदेशी उत्पादकों ने वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच में न तो सहयोग किया है और न ही उन्होंने इसमें प्रतिभागिता की है और इसलिए निर्दिष्ट प्राधिकारी सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर कार्रवाई करने के लिए पूर्णतया न्यायसंगत हैं।

(ख) पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद संबद्ध निर्यातकों की भारतीय बाजार में भारी हिस्सेदारी है। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात की मात्रा बहुत अधिक है।

(ग) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन कर रहा है।

(घ) उपभोक्ताओं का रूझान आयातित उत्पाद की ओर हो रहा है, इसका आशय यह है कि भारतीय उद्योग के उत्पाद की मांग घट रही है और पाटित उत्पाद की मांग बढ़ रही है।

(ङ) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की मौजूदगी के बावजूद इन स्रोतों से पाटित आयातों की भारी मात्रा में आना जारी रही। इससे संकेत मिलता है कि यदि इस साधन को समाप्त कर दिए जाने की अनुमति दे दी जाती है तो पाटन तीव्र हो जाएगा और घरेलू उद्योग को अधिक क्षति पहुंचाएगा।

(च) पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में संबद्ध देश के निर्यातक अपनी उच्च उत्पादन क्षमता और न्यून निर्यात कीमत के बल पर भारतीय बाजार पर आधिपत्य कर लेंगे ।

(छ) पाटनरोधी शुल्क लगे होने के बावजूद संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात भारी मात्रा में और पाटित कीमतों पर हो जारी रहे हैं।

(ज) पाटित कीमतों पर यह सतत आयात पाटनरोधी शुल्क के स्वरूप के कारण हो रहे हैं। यद्यपि उत्पादन लागत बढ़ गई है फिर भी बेंचमार्क यथावत बना रहा जिससे विचाराधीन उत्पाद का सतत आयात अग्रणी हुआ।

(झ) आयातों की उतराई कीमत पाटनरोधी शुल्क की बेंचमार्क कीमत से अधिक थी।

(ञ) पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित होने के बावजूद संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में विभिन्न पैरामीटरों के कारण सुधार हुआ है। तथापि, घरेलू उद्योग अपना सुधार उस स्तर तक नहीं कर सका जिसे वह उस स्थिति में प्राप्त कर लेता जब देश में इस उत्पाद का पाटन न हुआ होता। घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटन के कारण क्षति हुई है।

(ट) क्षति मार्जिन के स्तर बहुत अधिक है।

(ठ) यह संभव है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से पाटित आयातों एवं क्षतिकारी कीमतों में वृद्धि होगी जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होगी।

(ड) चीन के उत्पादकों ने असहयोग करने को अधिमानता दी है। प्रकटन विवरण दर्शाता है कि चीन के उत्पादकों के पास भारी उत्पादन क्षमता है।

(ढ) वह कीमत जिस पर चीन जन.गण. और हांगकांग द्वारा भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया जा रहा है उस कीमत की स्पष्ट संकेतक है जिस पर पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के निर्यात होने की संभावना है। यद्यपि एनएसआर पाटित आयातों की उतराई कीमत से अधिक है फिर भी कीमत अधोरदन होने से बिक्री मूल्य घटा है और वह भी विशेषकर प्रतिस्पर्धाकारी सेगमेंट में। अत:, पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा अधिक आयात किए जाने की पूर्ण संभावना है। चूंकि निर्यातकों के पास भारी उत्पादन क्षमता है इसलिए वे भारतीय बाजार में अपने उत्पाद का सरणीकरण करने को प्रोत्साहित होंगे और वे अपना उत्पाद तुलनात्मक रूप से कम कीमत पर बेच रहे हैं।

(ण) पाटन मार्जिन का स्तर मूल्य जांच में और वर्तमान जांच, दोनों में बहुत अधिक रहा है। यह भारी मात्रा में पाटन मार्जिन स्पष्टत: यह दर्शाता है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन एवं परिणामी क्षति में वृद्धि होने की पूर्ण संभावना है।

(त) संबद्ध विदेशी उत्पादकों के पास भारी उत्पादन क्षमता है। पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से संबद्ध देशों से पाटन पुन: बढ़ जाएगा और इससे घरेलू उद्योग को क्षति होगी।

(थ) संबद्ध देशों के अधिकांश उत्पादक अपने उत्पाद की घरेलू बाजार में बिक्री करने के बजाय इस विचाराधीन उत्पाद का निर्यात कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि संबद्ध देशों के विनिर्माता निर्यातोन्मुख है।

(द) निर्धारित की गई गैर-क्षतिकारी कीमत बहुत कम है। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने कई कारकों के कारण गैर-क्षतिकारी कीमत घटा दी है। घरेलू उद्योग यह निवेदन करता है कि प्राधिकारी को वास्तविक कच्चे माल और उपयोगी वस्तुओं की खपत पर विचार करना चाहिए। वर्षों तक कच्चे माल की खपत कई जटिल कारकों पर निर्भर रही है और यह घरेलू उद्योग की अनुकूलता का परिणाम नहीं है। वास्तव में, कच्चे माल और उपयोगी वस्तुओं के संबंध में इसकी कुशलता में कोई गिरावट नहीं आई है। वास्तविक उत्पादन की अनदेखी करना और गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करने के लिए उत्पादन के किसी अन्य आधार को अपनाना उपयुक्त नहीं होगा। याचिकाकर्ता ने उत्पादन स्तर पर विचार करते हुए इस उत्पाद के निर्धारित व्ययों को भी प्रभारित किया है। यह व्यय कंपनी के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं। यह व्यय इस विचाराधीन उत्पाद के लिए नियत नहीं है। इसलिए इन व्ययों को प्रासंगिक बनाना उपयुक्त नहीं होगा। नियोजित पूंजी का निर्धारण मौजूद अचल परिसंपत्तियों के मूल्य पर विचार करते हुए किया जाना चाहिए। निवल अचल परिसंपत्तियों को अपनाना अत्यधिक अनुचित होगा और वास्तव में, यह मानना बिल्कुल पक्षपात रहित नहीं होगा कि कुछ निवेश बहुत पुराने हैं और इसलिए निवल अचल परिसंपत्तियों निवेश के वास्तविक मूल्य का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। वास्तव में, इस प्रयोजन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मूल्य

निवेश का वर्तमान मूल्य है अथवा विकल्प के रूप में निर्दिष्ट प्राधिकारी निवेश पर 30 प्रतिशत प्रतिलाभ की अनुमति दे सकते हैं। उपर्युक्त पर विचार करते हुए गैर-क्षतिकारी कीमत का पुनर्निर्धारित किया जा सकता है।

(ध) घरेलू उद्योग अपना उत्पादन और अपनी बिक्री अपनी क्षमता की सीमा तक बढ़ाने में सक्षम नहीं हो पाया और घरेलू उद्योग को उस सीमा तक क्षतिकारित की गई है।

(न) यद्यपि, घरेलू उद्योग की समग्र लाभप्रदता तर्कसंगत हो सकती है, परंतु वह घरेलू उद्योग की अपनी सारणी के जरिए बिक्री के कारण है। उन ग्राहकों के संबंध में, जो इस विचाराधीन उत्पाद का आयात कर रहे हैं, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता प्रतिकूल है।

(प) घरेलू उद्योग की बिक्री में उन सेगमेंटों में गिरावट आई है जहां क्रेता उत्पाद का आयात कर रहे हैं।

(फ) पाटनरोधी शुल्क में नियत स्वरूप में संशोधन किए जाने की जरूरत है और यह शुल्क यूएस डालर के रूप में अभिव्यक्त किया जाना चाहिए।

II. वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, हांगकांग की टिप्पणियां

(क) वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, हांगकांग ने यह उल्लेख किया है कि "हांगकांग में मुक्त बाजार और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल को देखते हुए, हांगकांग की कंपनियों को पाटन के किसी क्रियाकलाप में संलिप्त होने के लिए न तो कोई प्रोत्साहन मिलता है और न ही कोई सहायता। दिसम्बर, 2008 और मार्च 2009 में दायर हमारे पिछले अभ्यावेदनों में उल्लिखित प्रस्तुतिकरणों से हम अपना यह विचार बनाए हुए हैं कि हांगकांग से फ्लेक्स फेब्रिक्स के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करना न्यायोचित नहीं होगा। हम भारतीय प्राधिकारियों से यह अनुरोध करते हैं कि हांगकांग से फ्लेक्स फेब्रिक्स के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

प्राधिकारी द्वारा जांच

83. प्राधिकारी ने प्रकटन पश्चात् हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई टिप्पणियों पर विचार किया है और निम्नलिखित का प्रतिपादन करते हैं :

(क) प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अधिकांश प्रस्तुतिकरण वर्तमान निर्धारण की पुष्टि करते हैं और वे पुनरावृत्तिक प्रवृत्ति के हैं । उनका प्रकटन विवरण में और वर्तमान जांच परिणाम में पहले ही समाधान कर दिया गया है। घरेलू उद्योग द्वारा किए गए कई प्रस्तुतिकरण प्रकटन विवरण में रिपोर्ट की गई संगत जांच की संपुष्टि में किए गए प्रस्तुतिकरण है।

(ख) जहां तक इस प्रस्तुतिकरण का संबंध है कि विदेशी उत्पादकों ने सहयोग नहीं किया है, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच परिणाम सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर यह विचार करते हुए दर्ज किए हैं कि किसी भी विदेशी उत्पादक के प्राधिकारी के साथ कोई सहयोग नहीं किया है।

(ग) जहां तक पाटित कीमतों पर सतत आयात होने आयातों से संभावित कीमत अधोरदन कारित किए जाने और पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन भारी सकारात्मक होने से संबंधित प्रस्तुतिकरण का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जांच से यह प्रदर्शित हुआ है कि प्राधिकारी द्वारा सिद्ध किया गया पाटन मार्जिन, कीमत अधोरदन और क्षति मार्जिन बहुत अधिक है।

(घ) जहां तक शुल्क के स्वरूप के कारण पाटित कीमतों पर सतत आयात होने से संबंधित प्रस्तुतिकरण का संबंध है प्राधिकारी ने उस पर वर्तमान निर्धारण में समुचित रूप से विचार किया है और पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश संशोधित स्वरूप में की जा रही है।

(ङ) जहां तक प्रतिस्पर्धी सेगमेंट की बिक्री में कमी होने और इस उत्पाद का आयात करने वाले उपभोक्ताओं से घरेलू उद्योग को लाभ में न्यूनता होने का संबंध है, प्राधिकारी ने उसे नोट कर लिया है।

(च) जहां तक इस तर्क का संबंध है कि यद्यपि उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है वहीं बेंचमार्क पूर्ववत ही बना रहा जिसके कारण आयातों की निरंतरता बनी रही, प्राधिकारी शुल्क के स्वरूप की सिफारिश करते समय उस पर विचार किया है।

(छ) जहां तक गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करने के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण का संबंध है प्राधिकारी पुन: यह उल्लेख करते हैं कि गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक-III के विभिन्न उपबंधों पर विचार करते हुए किया गया है।

(ज) जहां तक व्यापार एवं उद्योग विभाग, हांगकांग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों का संबंध है, प्राधिकारी यह उपपादित करते हैं कि एडीडी शुल्कों की निरंतरता से संबंधित समीक्षा पाटन के विभिन्न संगत पैरामीटरों और सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर परिणामी क्षति का मूल्यांकन करके पाटनरोधी नियमावली को ध्यान में रखते हुए किया गया है क्योंकि हांगकांग के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने इस जांच में न तो कोई सहभागिता की और न ही कोई प्रत्युत्तर दायर किया है।

ठ. अंतिम जांच परिणाम

84. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों, प्रदान कराई गई सूचना और किए गए प्रस्तुतिकरणों और इस अंतिम जांच परिणाम में प्राधिकारी के समक्ष रिकार्ड किए गए उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और पाटन तथा उसके परिणामस्वरूप क्षति की निरंतरता एवं पाटन एवं क्षति की निरंतरता/पुनरावृत्ति की संभावना की स्थिति के विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि :

(i) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का निर्यात सामान्य मूल्य के कम कीमत पर किया गया जिसके परिणामस्वरूप पाटन हुआ।

(ii) यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन होने की संभावना है, जिसके परिणामस्वरूप भारी कीमत निग्रहण/कीमत अवमंदन होगा। संबद्ध देशों के निर्यातकों के पास भारी क्षमता है और यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो उससे आयातों में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में कमी आएगी।

(iii) संबद्ध देशों से इस विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन सकारात्मक है।

(iv) संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के निर्यात उत्पादन लागत, घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत एवं बिक्री लागत से कम कीमतों पर किए जा रहे हैं और यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो उससे घरेलू उद्योग को क्षति होने की पूर्ण संभावना है।

ड. सिफारिशें

85. उपर्युक्त निष्कर्ष निकालने के पश्चात् प्राधिकारी का यह विचार है कि अधोलिखित तालिका में यथा विनिर्दिष्ट पाटनरोधी शुल्क का विस्तार किया जाना अपेक्षित है।

86. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए न्यूनतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के न्यूनतर के बराबर निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने की सिफारिश करते हैं जिससे कि घरेलू उद्योग की क्षति को दूर किया जा सके। तद्नुसार तदनुसार, संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों पर केंद्रीय सरकार द्वारा निम्नलिखित तालिका में विनिर्दिष्ट राशि के अनुरूप पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किए जाने की सिफारिश की जाती है :—

शुल्क तालिका

क्र.सं.	प्रशुल्क मद	वस्तु विवरण	उद्गम का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	निर्यातक	राशि	मापन की इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1	5309	फ्लेक्स या लिनेन फेब्रिक (अधोलिखित नोट)	चीन जन.गण.	कोई	कोई	कोई	0.75	प्रति मीटर	यूएस डालर
2	5309	फ्लेक्स या लिनेन फेब्रिक (अधोलिखित नोट)	हांगकांग तथा उस देश के अलावा कोई अन्य जिस पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	चीन जन.गण.	कोई	कोई	0.75	प्रति मीटर	यूएस डालर
3	5309	फ्लेक्स या लिनेन फेब्रिक (अधोलिखित नोट)	हांगकांग	कोई	कोई	कोई	0.63	प्रति मीटर	यूएस डालर
4	5309	फ्लेक्स या लिनेन फेब्रिक (अधोलिखित नोट)	चीन के अलावा कोई अन्य देश जिस पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	हांगकांग	कोई	कोई	0.63	प्रति मीटर	यूएस डालर

नोट : विचाराधीन उत्पाद "50 प्रतिशत से अधिक फ्लेक्स अंतर्वस्तु युक्त फ्लेक्स या लिनेन फेब्रिक्स है"।

आगे की प्रक्रिया

87. केंद्रीय सरकार के इस जांच परिणाम से सृजित आदेशों के विरुद्ध सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम के अनुसार सीमाशुल्क, उत्पाद कर एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर की जा सकती है।

88. यहां संस्तुत किए गए साधन की निरंतरता बनाए रखने, उसमें संशोधन करने अथवा उसे समाप्त करने की जरूरत की समय-समय पर अधिनियम और नियमावली के संगत प्रावधानों तथा समय-समय पर इस संबंध में जारी सार्वजनिक सूचनाओं के प्रावधानों के अनुरूप समीक्षा करेंगे। प्राधिकारी द्वारा ऐसी समीक्षा करने के लिए किसी भी अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक इस प्रयोजनार्थ निर्धारित समय सीमा के अनुरूप किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा अपील दायर नहीं की जाती है।

जे. के. दादू, निर्दिष्ट प्राधिकारी

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF ANT-DUMPING AND ALLIED DUTIES)

NOTIFICATION

New Delhi, the 9th June, 2015

FINAL FINDINGS

Subject: Sunset Review of investigation of anti-dumping duty imposed on the imports of "Flax Fabric" originating in or exported from China and Hong Kong.

No.15/30/2013-DGAD.—Having regard to the Customs Tariff Act, 1975, as amended from time to time (hereinafter also referred to as the Act) and the Rule 16 of the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Anti-Dumping Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995, as amended from time to time (hereinafter also referred to as the Rules) thereof;

A. BACK GROUND OF THE CASE

1. Whereas, the original investigation concerning imports of the subject goods from China PR and Hong Kong was initiated by the Authority vide Notification No. 14/8/2008-DGAD dated 3rd October, 2008. The preliminary finding was issued by the Authority on 17/02/2009, recommending provisional anti-dumping duty on the imports of Flax Fabrics (hereinafter referred to as subject goods) originating or exported from China PR & Hong Kong (hereinafter referred to as subject countries). The provisional duties were imposed vide Customs Notification No. 30/2009-Customs dated 26th March, 2009. The Authority notified final findings vide Notification No. 14/08/2008-DGAD dated 1st October, 2009 recommending definitive anti-dumping duty on the imports of Flax Fabrics from the subject countries. The definitive anti-dumping duty was imposed on the subject goods vide Customs Notification No. 142/2009- Customs dated 21st December, 2009.

2. Whereas, M/s. Jaya Shree Textiles (A unit of Aditya Birla Nuvo Ltd.) (hereinafter referred to as the petitioner), filed a duly substantiated application before the Authority, in accordance with the Act and the Rules, alleging likelihood of continuation or recurrence of dumping of the subject goods, originating in or exported from the subject countries and consequent injury and likelihood of continuation or recurrence of dumping and injury in the event of cessation of the antidumping duty. The applicant requested for review, continuation and enhancement of the anti dumping duties, imposed on the imports of the subject goods, originating in or exported from the subject countries.

3. And whereas, the Authority, on the basis of sufficient evidence submitted by the applicant, issued a public notice vide Notification No. 15/30/2013-DGAD dated 10th March, 2014 published in the Gazette of India, initiating the subject investigations in accordance with the Rules to determine the likelihood of continuation or recurrence of dumping and consequent injury to the domestic industry and the need for continuation of the anti-dumping duties imposed on the imports of the subject goods, originating in or exported from China PR and Hong Kong.

B. PROCEDURE

4. The procedure described below has been followed in this investigation:

i. The Authority issued a public notice dated 10th March, 2014, published in the Gazette of India, Extraordinary, initiating sunset review anti-dumping investigation concerning imports of the subject goods, originating in or exported from the subject countries.

ii. The embassy of the subject countries in New Delhi were informed about the initiation of the investigations in accordance with Rule 6(2).

iii. The Authority forwarded a letter along with copy of the public notice to all the known exporters and other interested parties/industry associations (whose details were made available by the domestic industry) and gave them opportunity to make their views known in writing within the prescribed time limits in accordance with the anti-dumping rules.

iv. The Authority provided copies of the non-confidential version of the application to the known exporters and the embassy of the subject country in accordance with Rules 6(3) supra. A copy of the non-confidential version of

the application was also made available in the public file and provided to other interested parties, wherever requested.

